मौसम

तापमान लखनऊ

अधिकतम–34.0 डि.से. सूर्योदय– 05:38

न्यूनतम– 27.0 डि.से. सूर्यास्त– 06:43



# भाजपा विधायक पर हमला

मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (जनसत्ता/भाषा)।

केंद्र के कृषि कानूनों का विरोध कर रहे लोगों ने शनिवार को यहां सिसौली गांव में भाजपा के बुढाना से विधायक उमेश मलिक पर कथित तौर पर हमला किया, उनकी कार पर पथराव किया और उस पर काली स्याही डाली। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

एक अन्य कथित वीडियो में, विधायक यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि हमलावरों का भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) से संबंध था। गौरतलब है कि सिसौली बीकेयू नेता राकेश टिकैत का गांव है और किसान संगठन का मुख्यालय इसी गांव में है। पुलिस ने कहा कि यह घटना तब हुई जब विधायक एक कार्यक्रम के लिए गांव पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने विधायक को बचा लिया। घटना के बाद भाजपा समर्थक स्थानीय थाने में जमा हो गए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान भी थाने पहुंचे। जानकारी के अनुसार बुढ़ाना विधायक उमेश मलिक सिसौली में जन कल्याण समिति की पहली वर्षगांठ पर हुए कार्यक्रम में भाग लेने गए थे। सिसौली में एक जनकल्याण समिति के कार्यक्रम में विधायक मलिक पहुंचे थे। जिसकी जानकारी सिसौली में ग्रामीणों को मिली तो उनकी गाड़ी को घेरकर नारेबाजी शुरू हो गई।



कृषि कानूनों का विरोध कर रहे लोगों ने विधायक उमेश मलिक की कार पर काली स्याही फेंकी।

## मोहर्रम पर जुलूस निकालने पर रोक

लखनऊ, 14 अगस्त (भाषा)।

प्रदेश में कोरोना महामारी संक्रमण के दृष्टिगत मोहर्रम के अवसर पर किसी प्रकार के जुलूस/ताजिया निकालने पर रोक लगा दी गई है। अपर मुख्य सचिव (गृह) अवनीश कुमार अवस्थी ने शनिवार को राज्य के सभी जिलों के जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों और उच्चाधिकारियों को भेजे गए दिशानिर्देश में कहा कि कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत किसी प्रकार के जुलूस/ताजिया की अनुमति न दी जाए और धर्मगुरुओं से संवाद स्थापित कर कोरोना के रोकथाम के लिए दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए।

## मां और बेटी ने की खुदकुशी

बरेली, 14 अगस्त (जनसत्ता)।

थाना फरीदपुर क्षेत्र में पारिवारिक कलह के कारण मां और बेटी ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस को उनके शवों के पास से जहरीली गोलियां भी मिली हैं। पुलिस ने महिला के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि फरीदपुर कस्बे के परा मोहल्ले के रहने वाले मुकेश शर्मा मुकेश शर्मा एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। उनके परिवार में पत्नी कल्पना, बेटी और एक बेटा है। पति और पत्नी के बीच विवाद के चलते दोनों अलग रह रहे थे। कल्पना बेटी के साथ अपनी मां के घर में रह रही थी, वहीं शर्मा पुत्र और पुत्रवधू के साथ अलग मकान में रहते थे। हर्षिता नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। अभी हाल ही में दोनों मां-बेटी मुकेश के घर वापस आ गए थीं। यहां मुकेश की पत्नी कल्पना और उसकी बेटी ने वीवार को आत्महत्या की है। घटना के समय मुकेश घर में बाहर से ताला लगाकर फैक्टरी में काम करने गया हुआ था। दोपहर बाद मकान के अंदर से चीखने की आवाज आने पर पड़ोसियों ने उसे फोन कर बुलाया था। उसने आकर मकान का ताला खोला तो देखा कि मां और बेटी दोनों के शव जमीन पर पड़े हुए थे। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों के पास से जहरीले पदार्थ की गोलियां भी बरामद की हैं। दोनों शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मुकेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की कोई अन्य वजह पाई गई तो मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## धारदार हथियार से महिला की हत्या

सहारनपुर, 14 अगस्त (जनसत्ता)।

दो पतियों और एक अन्य मित्र युवक के साथ रहने वाली 26 वर्षीय महिला पूजा कश्यप की बीती रात उसके मित्र रवि कश्यप ने कथित रूप से धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने उसे घटना के बाद गिरफ्तार कर आज अदालत में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। यह घटना सहारनपुर के मंड़ी कोतवाली के सुपर विहार कालोनी की है। कोतवाली प्रभारी अवनीश गौतम ने आज जानकारी दी कि पुलिस को शुक्रवार रात घटना की सूचना मिली थी। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर घायल मिली पूजा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्यारोपी रवि कश्यप को घटनास्थल के पास से ही गिरफ्तार कर लिया। रवि कश्यप रिक्शा चलाने और दूसरे मजदूरी आदि के काम करता है।

## मुठभेड़ के बाद अगवा बच्चे को छुड़ाया

मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (जनसत्ता)।

पुलिस ने छह दिन पहले अगवा किए गए सात वर्षीय लड़के को यहां मुठभेड़ के बाद छुड़ा लिया। उसे अलमसपुर गांव से उसके एक रिश्तेदार ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर अगवा कर लिया था। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि मुठभेड़ में दोनों ओर के लोग घायल हुए हैं।

**KHANDELWAL EXTRACTIONS LIMITED**
CIN : L24241UP1981PLC005282 ; Regd. Office: 51/47, Naya Ganj, Kanpur- 208 001


EXTRACT OF UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2021 Rs./ Lacs

| Sl. No. | Particulars | 3 Months Ended 30.06.2021 Unaudited | Previous Year Ended 31-03-21 Audited | Corresponding 3 Months Ended 30.06.2020 Unaudited |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income from operations | - | - | - |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (8.66) | (35.70) | (7.51) |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (8.66) | (35.70) | (7.51) |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (8.66) | (25.27) | (7.51) |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | (8.66) | (25.27) | (7.51) |
| 6. | Paid-up Equity Share Capital (Face value of Rs. 10/- per share) | 85.01 | 85.01 | 85.01 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | - | 90.90 | - |
| 8. | Basic & Diluted Earnings per share (of Rs.10/- each) (For continuing and discontinuing operations) (Not Annualised) (in Rs.) | (1.02) | (2.97) | (0.88) |

Note: The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange website: www.bseindia.com and on the Company's website: www.khandelwalextractions.com.


For and on behalf of the Board of Directors
Dinesh Khandelwal
Director (Finance & CFO)
DIN: 00161831

Place: KANPUR
Date: 14.08.2021










www.readwhere.com